# ब्रेनर ट्यूमर (Brenner Tumour)

*रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।*

**यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि ब्रेनर ट्यूमर क्या है, यह कैसे होता है, आपको किन परीक्षणों की आवश्यकता है और निदान के दीर्घकालिक प्रभाव क्या हैं।**

## ब्रेनर ट्यूमर क्या है?

ब्रेनर ट्यूमर एक दुर्लभ ट्यूमर है जो अंडाशय की सतह से उत्पन्न होता है। अधिकांश ट्यूमर साध्य या बॉर्डरलाइन ट्यूमर (आसानी से ठीक होने वाले) होते हैं, 5% ट्यूमर घातक (कैंसर ) हो सकता हैं। साध्य ब्रेनर ट्यूमर आमतौर पर एक छोटा ठोस घाव होता है जिसका व्यास 2-8 सेमी होता है। बॉर्डरलाइन और घातक ब्रेनर ट्यूमर आमतौर पर बड़े होते हैं, जिनकी माप 30 सेमी तक होती है। साध्य रूप का निदान किसी भी उम्र में किया जा सकता है, लेकिन आमतौर पर 30-70 वर्ष की आयु की महिलाओं में इसका मूल्यांकन किया जाता है, जबकि बॉर्डरलाइन या घातक रूपों का आमतौर पर 45-65 वर्ष की आयु की महिलाओं में होता है। साध्य ब्रेनर ट्यूमर इलाज से ठीक हो जाता है। घातक ब्रेनर ट्यूमर की दुर्लभता के कारण, इस विषय के बारे में बहुत जानकारी नहीं है।

## लक्षण क्या हैं?

ज्यादातर मामलों में, ब्रेनर ट्यूमर लक्षणविहीन होते हैं और इस ट्यूमर का पता किसी किसी अन्य कारणों से होने वाले अल्ट्रासाउंड से होता है। इसके सामान्य लक्षण योनि से रक्तस्राव और पेट के निचले हिस्से में दर्द हैं; अन्य लक्षण पेट में पानी होना या मीग्स सिंड्रोम, पेट फूलना और पेशाब का रुकना हैं। डॉक्टर के द्वारा जांच करने पर पेट के निचले हिस्सों में गांठ पाया जाता है।

## इसका निदान कैसे किया जा सकता है?

पूर्ण शारीरिक परीक्षणऔर श्रोणि अल्ट्रासाउंड (TVS) सहित एक प्रारंभिक जांच की सलाह दी जाती है । निश्चित निदान के लिए सर्जरी के बाद हिस्टोलॉजिकल जांच की आवश्यकता होती है। आगे की इमेजिंग जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन और बायोप्सी ट्यूमर को स्टेज करने और बाद के सही उपचार का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक हो सकते हैं। इस स्थिति के लिए डायग्नोस्टिक ट्यूमर मार्कर नहीं है।

## इस स्थिति का इलाज कैसे किया जा सकता है?

साध्य, बॉर्डरलाइन और घातक ब्रेनर ट्यूमर सभी का इलाज ऑपरेशन द्वारा हटाकर किया जाता है। बॉर्डरलाइन और घातक रूपों को एक उपयुक्त सर्जिकल स्टेजिंग की आवश्यकता होती है। घातक रूप दुर्लभ हैं; इस स्थिति की दुर्लभता के कारण और ज्यादा इलाज की जानकारी वर्तमान में उपलब्ध नहीं है।

घातक ब्रेनर ट्यूमर संभावित रूप से पेट के भीतर फैल सकता है। यह फैलकर प्लूरा, फेफड़े, गुर्दे, यकृत, मूत्राशय

और हड्डी में भी जा सकता है।

**शुरुआती इलाज के बाद मुझे फ़ॉलो-अप (आगे की जांच) के लिए कब -कब आना होगा ?**

हमारे अनुभव में, हम 5 साल के लिए हर 6 महीने में एक सामान्य शारीरिक और श्रोणि जाँच करने का सुझाव देते हैं और फिर सालाना जाँच करने की सलाह देते हैं । घातक घातक ब्रेनर ट्यूमर के इलाज के बाद आजीवन डॉक्टर की देख रेख में रहना जरूरी है ।

**मुझे और क्या सवाल पूछने चाहिए?**

- क्या साध्य या बॉर्डरलाइन बीमारी के लिए कंजर्वेटिव सर्जरी के बाद भविष्य में मैं माँ बन सकती हूँ?
- क्या सर्जरी के बाद ट्यूमर फिर से हो सकता है?

*Last updated 2024*